Title: Need to open Sainik School in Arrah, Bhojpur district headquarter.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, झारखंड राज्य के अलग बन जाने के बाद बिहार में जो अच्छे इंस्टीट्यूट थे, जैसे तिलैया सैनिक स्कूल और नेत्रहाट स्कूल, वे झारखंड राज्य में चले गये हैं। अब बिहार में कोई अच्छी शिक्षा देने वाला इंस्टीट्यूट नहीं है। इससे गरीब बच्चों का शोाण हो रहा है और उन्हें अच्छे स्कूलों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आरा बहुत पुराना शहर है और वीर कुंवर सिंह इसी शहर से आजादी की लड़ाई लड़े थे। चाहे व्यापार हो या कृाि या फिर इंस्टीट्यूट्स, हर लिहाज से वह एक अच्छा सेंटर है। इसलिए आरा सब दृटि से सैनिक स्कूल खोलने के लिए एक उपयुक्त शहर है। इसलिए वहां पर जल्द से जल्द सैनिक स्कूल खोलने के लिए कदम उटाए जाएं।